हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

Email: academic@durguniversity.ac.in, Website: www.durguniversity.ac.in, Phone - 0788-2359400

क्र./ 545/ अका./शोध/2019 दुर्ग, दिनांक 20/ 12 /2019

विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय
महाविद्यालय हेतु सूचना

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र कमांक 461/अका./शोध/2019, दुर्ग दिनांक 10/10/2019 के परिपेक्ष्य में सूचित किया जाता है आपके महाविद्यालय में पदस्थ ऐसे अधिकारी एवे कर्मचारी जो विश्वविद्यालय पी–एच.डी. प्रवेश सत्र 2019 अनुसार पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त है/पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण है एवं उक्त अभ्यर्थी को संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा पी–एच.डी. शोध कार्य में प्रवेश लेने हेतु अनुमति प्रदाय करते हुये अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है । ऐसे अभ्यर्थी हेतु संबंधित शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा जारी उक्त पत्र एवं कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र कमांक 1203/417/आ.उ.शि./राज.स्था/19, अटल नगर रायपुर, दिनांक 22/06/2019 (पत्र संलग्न) का अनिवार्य रूप से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र तभी जारी करना सुनिश्चित करें जब उन्हे उच्च शिक्षा/संबंधित मान्य विभाग से अनुमति प्राप्त हो जाये ।

यह भी कि पी–एच.डी. से संबंधित अध्यादेश–45/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना और समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों/नियमों/निर्देशों/सूचनाओं का पालन न करने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शोधार्थी किसी भी कार्यवाही के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र.546 /अका./शोध/2019 दुर्ग, दिनांक 20/12 /2019

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य, समस्त संबंध महाविद्यालयो को सूचनार्थ की उक्त पत्र से अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से अवगत करावे एवं महाविद्यालय के नोटिस बोड में लगाना सुनिश्चित करें ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ ।
3. कुलपति के निज सहायक/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ
4. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने सूचनार्थ ।

सहायक कुलसचिव (अका.)
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)